# कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय वाराणसी।

## विज्ञप्ति

सर्व साधारण को पुनः सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या 797/एडमिन.(बी– I) सेक्शन दिनांकित 15.03.1994 के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश के आदेश दिनांकित 02.04.2025 के अनुसार इस वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये जनपद न्यायालय वाराणसी स्थित साईकिल/वाहन स्टैण्ड के ठेके को बिड/निविदा द्वारा उठाये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 14.04.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित है तथा दिनांक 14.04.2025 को ही सायं 04:30 बजे मनोरंजन कक्ष, जनपद न्यायालय वाराणसी में साईकिल/वाहन स्टैण्ड की निविदा नीलामी समिति के समक्ष आवेदकों के उपस्थिति/अनुपस्थिति में नियमानुसार निविदा खोली जायेगी। निविदा प्रस्तुत करने वाले आवेदक स्वयं उपस्थित रह सकते है।

वाहन स्टैण्ड के ठेके की न्यूनतम धनराशि एवं जमानत धनराशि का विवरण निम्न प्रकार से है:–

| कम सं0 | ठेके का प्रकार | न्यूनतम धनराशि | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | साईकिल/वाहन स्टैण्ड ठेका | 12,00,000.00 | 10,000.00 |

नीलामी हेतु निविदा खोले जाने से पूर्व निविदा दाताओं को ठेके की बतौर अग्रिम धरोहर धनराशि नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय वाराणसी में जमा करनी होगी, जो निविदा स्वीकार होने पर ठेके की राशि में समायोजित हो जायेगी अन्यथा अगले कार्य दिवस को वापस कर दी जायेगी। शेष नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय के नोटिस बोर्ड अथवा नजारत कार्यालय, जनपद न्यायालय वाराणसी से प्राप्त की जा सकती हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (मनीष कुमार–।।) | (तूलिका बन्धु) 02/04/25 | (अनुभव द्विवेदी) 02/04/25 | (देवकान्त शुक्ला) 2/4/25 | (रवीन्द्र कु0 श्रीवास्तव) 2.4.25 |
| सदस्य, नीलामी समिति | सदस्य, नीलामी समिति | सदस्य, नीलामी समिति | सदस्य, नीलामी समिति | अध्यक्ष, नीलामी समिति, |
| मुख्य न्यायिक मजि0, वाराणसी | लघुवाद न्यायाधीश, वाराणसी | वि0 न्याया0, पॉक्सो, कक्ष सं0–02, वाराणसी | वि0 न्याया0 एस.सी./एस.टी. वाराणसी | वि0 न्याया0, भ्र0नि0अधि0 कक्ष सं0–4, वाराणसी |

**प्रतिलिपि प्रेषितः–**

**1.** प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
**2.** प्रति कम्प्यूटर अनुभाग को न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
**3.** प्रति आयुक्त, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
**4.** प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
**5.** विकास भवन के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
**6.** ग्राम्य न्यायालय, पिंडरा के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
**7.** नगर निगम कार्यालय, वरूणापार जोन वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
**8.** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा की सूचना किसी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराकर बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

2.4.25
(रवीन्द्र कु0 श्रीवास्तव)
अध्यक्ष–नीलामी समिति,
जनपद न्यायालय, वाराणसी